कार्यालयः लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या–2996/04/ई–1/2022–23
प्रयागराज, दिनांक 16 मार्च, 2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–ए–6/ई–1/2025, दिनांक 12.08.2025 प्रवक्ता (पुरूष/महिला) राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा, 2025 हेतु आवेदन प्राप्त किये गये हैं। उक्त विज्ञापित पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से शैक्षणिक विशिष्टता संबंधी सूचना आयोग के वेबपोर्टल पर अपडेट कराया जाना है।

2–अपेक्षित सूचना अपडेट करने की प्रक्रिया निम्नवत् हैः–

अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in के "Home Page" पर "Click here to update information for Advt. No. A-6/E-1/2025, Lecturer (Male/Female) Government Inter College Examination-2025" पर Click करने के पश्चात् 'Click here to Authenticate' प्रदर्शित होगा, जिसे अभ्यर्थी OTR No. एवं पासवर्ड/ओ0टी0पी0 के माध्यम से Authenticate कर सकते हैं। Authenticate की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात् स्क्रीन पर 'Applicant Dashboard' स्वतः प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी को उपरोक्त विज्ञापन में उसके द्वारा भरे गए सभी आवेदित विषय/विषयों के सापेक्ष क्रमवार "Modify your Application form" पर Click करने के पश्चात् आवेदन पत्र स्वतः प्रदर्शित होगा। उपरोक्त सभी आवेदित विषय/विषयों के सापेक्ष अभ्यर्थी को शैक्षणिक विशिष्टता सम्बन्धी सूचना अपडेट करनी होगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों को एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। सूचना अपडेट करने के पश्चात् अभ्यर्थी को Preview Form पर Click करके भरी गयी सूचना से पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही Application form Submit करने हेतु Update Application form पर Click करना है। अभ्यर्थी अपने अपडेट किए गए सभी आवेदित विषय/विषयों के Application form की एक प्रति Click here to download complete Updated Application Form पर Click करके भविष्य हेतु सुरक्षित रख लें।

3–अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2026 से दिनांक 27.03.2026 तक आवेदित किए गए सभी विषयों के सापेक्ष अपेक्षित सूचना अपडेट करना सुनिश्चित करें अन्यथा विशिष्ट योग्यता वाले पदों हेतु उनके आवेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

( वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी )
उप सचिव